नई दिल्ली। संसद सुरक्षा चूक मामले में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सोमवार को कोर्ट में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस मामले में अब आरोपियों को दो अगस्त को कोर्ट में पेश किया जाएगा और सुनवाई होगी। इस मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सभी आरोपियों के खिलाफ यूएपीए के तहत केस चलाने की मंजूरी दी है। अब पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में आरोप पत्र दायर कर दिया है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने सात जून को इस मामले में गिरफ्तार सभी छह आरोपियों मनोरंजन डी, ललित झा, अमोल शिंदे, महेश कुमावत, सागर शर्मा और नीलम आजाद के खिलाफ करीब 1000 पन्नों का आरोपपत्र दायर किया था।

इस मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने छह आरोपियों पर गैर-कानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मुकदमा चलाने की अनुमति दी है। इन लोगों पर 13 दिसंबर 2023 को सदन की कार्यवाही के दौरान संसद पर कथित रूप से हमला करने का आरोप है।

श्रद्धालुओं ने भव्य रूप से निकाला रथ मेला

संवाददाता, पवन कुमार

बरहरवा: सोमवार को बरहरवा प्रखंड के शुक्रवासनि मंदिर परिसर में हमेशा की तरह रथ मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में भगवान जगन्नाथ के दर्शन करने आसपास के गांव के सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित हुए थे। प्रखंड के मिर्जापुर शुक्रवासनि मंदिर परिसर में रथ मेला का आयोजन किए जाने का परंपरा सदियों पुरानी है। शुक्रवासनि के अलावे पिपरा गणेशपुर तथा मसलंद पुर गांव में भी रथ मेला का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर आयोजित मेले में काफी संख्या में आसपास के गांव के लोगों की भीड़ एकत्रित हुई थी। रथ यात्रा के आयोजन में शुक्रवासनी गांव के सुभाष मंडल, अधीर रविदास, अर्पित मंडल, श्याम मंडल, प्रकाश मंडल, पवन मंडल, आदि युवाओं ने सक्रिय सहयोग किया।

यमुना में नहाने गए तीन दोस्त डूबे, दो हुए लापता, एनडीआरएफ-बोट क्लब तलाश में जुटी

नई दिल्ली। अलीपुर में स्थित झंगोला घाट पर रविवार सुबह यमुना में नहाने गए तीन दोस्त गहरे पानी में डूबने लगे। वहां मौजूद मंदिर के पुजारियों ने रस्सी की मदद से एक युवक को सकुशल बाहर निकाल लिया, जबकि दो युवक डूब गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद एनडीआरएफ व बोट क्लब के गोताखोर दोनों युवकों को तलाश कर रहे हैं। तीनों युवकों की पहचान राकेश कुमार, रोशन कुमार और राजीव के रूप में हुई है। तीनों स्वरूप नगर इलाके में रहते हैं और अलीपुर में फूलों का कारोबार करते हैं। रविवार सुबह तीनों यमुना किनारे खेतों से फूलों को तोड़ने आए थे। फूल तोड़ने के बाद तीनों नहाने के लिए यमुना नदी में चले गए। नहाने के दौरान तीनों गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। शोर शराबा होने पर वहां मंदिर के पुजारी राजकुमार आ गए। उन्होंने अन्य पुजारियों को बुलाकर रस्सी की मदद से युवकों को बचाने की कोशिश करने लगे। इन लोगों ने रोशन के पास रस्सी फेंकी, वह इसे पकड़ कर नदी से बाहर आ गया। जबकि अन्य दो युवक बाहर नहीं निकल पाए। घटना की जानकारी तुरंत अलीपुर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने इसकी जानकारी एनडीआरएफ और बोट क्लब के गोताखोरों को दी। सूचना मिलते ही गोताखोर मौके पर पहुंचे और दोनों युवकों की तलाश के लिए अभियान चलाया। लेकिन देर शाम तक लापता हुए युवकों राकेश और राजीव का कोई सुराग नहीं मिला है।

भारत का सबसे बड़ा एकीकृत हाउसवेज और होम एप्लायंसेज व्यापार मेला, "वाइब्रेंट इंडिया 2024" का 19 जुलाई से 21 जुलाई 2024 तक यशोभूमि, द्वारका, दिल्ली में होगा आयोजन

नई दिल्ली, 15 जुलाई 2024: भारत का सबसे बड़ा एकीकृत हाउसवेयर और होम एप्लायंसेज व्यापार मेला : "वाइब्रेंट इंडिया" के 10वें संस्करण का आयोजन दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि में 19 जुलाई से 21 जुलाई तक होगा । "वाइब्रेंट इंडिया इवेंट सॉल्यूशन" द्वारा आयोजित यह एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन है जिसमें हाउसवेयर, किचनवेयर, टेबलवेयर, होटलवेयर, ग्लासवेयर, प्लास्टिकवेयर, थर्मोवेयर, बर्तन, रसोई के उपकरण, क्रॉकरी, घरेलू उपकरण और स्टेनलेस स्टील उद्योग शामिल हैं। तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी में लगभग 500+ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शकों की भागीदारी की उम्मीद है। यह जानकारी नरेंद्र दिवाकर, एमडी, वाइब्रेंट इंडिया और वाइब्रेंट इंडिया एक्सपो के आयोजक ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। नरेंद्र दिवाकर के अलावा, मैक्सफ्रेश के प्रबंध निदेशक पावेश जैन, जगदंबा कटलरी के प्रबंध निदेशक पवन कंसल, यूनाइटेड मेटालिक प्राइवेट लिमिटेड (मिस्टर कुक) के आरिफ और स्टेनलेस बाजार के जितेंद्र अग्रवाल ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

रसोई के उपकरण उद्योग में प्रसिद्ध ब्रांड मिस्टर कुक इस 3 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी के मुख्य प्रायोजक के रूप में भाग लेगा। यूनाइटेड मेटालिक ग्रुप के एमडी और मिस्टर कुक के मालिक नवेद नौशाद ने घोषणा की कि उनके डीलरों से प्रेशर कुकर और कुकवेयर की श्रृंखला के लिए अत्यधिक प्रतिक्रिया मिलने के बाद, मिस्टर कुक अब छोटे घरेलू उपकरणों की एक पूरी श्रृंखला लॉन्च कर रहा है। वे लहफएउआ के लिए 60 लीटर तक के बड़े आकार के प्रेशर कुकर भी लॉन्च कर रहे हैं। मुख्य प्रायोजक मिस्टर कुक भारत के सबसे बड़े समेकित हाउसवेयर और होम एप्लायंसेज व्यापार मेला, वाइब्रेंट इंडिया 2024 में सभी प्रतिभागियों का समर्थन एवं इसमें भागीदारी के लिए प्रसन्नता जाहिर किया।

हाउसवेयर उद्योग, घरेलू उपकरण को बढ़ावा देने के प्रयास में, वाइब्रेंट इंडिया में कुछ प्रमुख ब्रांडों को आमंत्रित किया गया है जैसे कि स्टेनलेस स्टील और कुकवेयर के हॉकिन्स, ओपलवेयर, मैक्सफ्रेश प्रकाश प्रेस, ब्लोहॉट, नगिना जो श्री वल्लभ मेटल्स के घर से एक प्रमुख ब्रांड है।

वाइब्रेंट इंडिया 2024 के आयोजक और प्रबंध संपादक श्री नरेंद्र दिवाकर व पंकज पवन नीरज ने कहा कि, "हाउसवेयर और होम एप्लायंसेज व्यापार मेला स्टेनलेस स्टील के बर्तन, रसोई के उपकरण और घरेलू सामानों पर भारत की एक संपूर्ण प्रदर्शनी है। इसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे और स्टेनलेस स्टील उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करते हुए बर्तन, रसोई के उपकरण और घरेलू सामानों में नवीनतम रुझानों की जानकारी प्रदान करेंगे।"

नरेन्द्र दिवाकर ने कहा कि, भारत हाउसवेयर, किचनवेयर और होम एप्लायंसेज के लिए सबसे तेजी से उभरता हुआ बाजार है और चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी बढ़ती अर्थव्यवस्था है। इस उद्योग ने पिछले दशक में मजबूत विकास दर्ज किया है और बाजार नए उत्पाद नवाचारों के साथ आकर्षक कीमतों और आकर्षक पैकेजिंग के साथ प्रतिक्रिया दे रहा है। इसलिए, हाउसवेयर और होम एप्लायंसेज व्यापार मेला घरेलू अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का भी लक्ष्य रखता है, विशेष रूप से स्टेनलेस स्टील उत्पादों के निर्माण के संबंध में।

इंदिरा गांधी के जन्म से लोकतंत्र खात्मा हो गया : के सी त्यागी

नई दिल्ली। प्रभाष जोशी स्मारक व्याख्यान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को लोकतंत्र में संसदीय मर्यादा विषय पर देना था, अस्वस्थ होने के कारण वह नहीं आ सके उनका लिखित भाषण प्रभाष परंपरा न्यास के प्रबंध न्यासी रामबहादुर राय ने पढ़ा, राय साहब ने न्यास की गतिविधियों के बारे में भी विस्तार से बताया।

प्रभाष प्रसंग के इस कार्यक्रम में प्रभाष जोशी के लेखों के संग्रह से बनी -'ओटन लगे कपास' और 'घंटी तो बजनी है', दो किताबों का लोकार्पण भी हुआ।

राजनाथ सिंह ने लिखा कि..

लोकतंत्र और संसदीय मर्यादा का अन्योन्याश्रय संबंध है। भारत लोकतंत्र की जननी है। भारत के संविधान में लोकतंत्र की विधिक प्रणाली है। संसद की मर्यादा अनूठी है। सांसदों के व्यवहार से संसद की छवि बनती है। संसद की

मर्यादा सांसदों के सुनने और कहने की मर्यादा, दोनों में समाहित है। संसदीय मर्यादा बार बार टूटने पर उन्होंने लोकतंत्र पर सवाल खड़े किए हैं। संसदीय राजनीति में संसदीय मर्यादा का सबको खयाल रखना चाहिए।

पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि प्रभाष जी अपनी पत्रकारिता में कृषि, किसान और समाज की चिंता करते थे।

जदयू के महासचिव केसी त्यागी ने मुख्य वक्ता के रूप इमरजेंसी की चर्चा करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी के जन्म के साथ आंतरिक लोकतंत्र का खात्मा हो गया। एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 22 जून 1975 को रामलीला मैदान में जेपी की रैली होनी थी। और जेपी ज्योति बसु से मिलने बंगाल गए थे लेकिन इंदिरा गांधी ने बंगाल से आने वाली 21 तारीख की फ्लाइट ही कैंसिल करवा दिया। क्या किसी लोकतंत्र में ऐसा होता है? इंदिरा गांधी ने न केवल लोकतंत्र की हत्या की, बल्कि लोकतांत्रिक मर्यादा को भी तार-तार किया। आपातकाल के दौरान एक कवि ने तो इंदिरा गांधी को लोकतंत्र का कातिल तक कहा है। इतना ही नहीं, कवि नागार्जुन ने भी इंदिरा गांधी पर एक कविता लिखी है- "इंदिरा जी, इंदिरा जी, क्या हुआ आपको, सत्ता के मद में भूल गई बाप को।"

आज जो स्थिति है उसमें लोकतंत्र के प्रहरी की भूमिका और जिम्मेदारी बढ़ गई है।

न्यास के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार बनवारी जी ने लोकतांत्रिक राजनीति, संविधान और संसदीय राजनीति के बारे में विस्तार से बताया। हमारी राजनीति बहस का स्तर इतना नीचे गिर गया है कि हम सरकार पर कोई भी आरोप लगा रहे हैं। सभा में बैठने का अधिकार सभी को है। लेकिन सभा में बैठने के काबिल बने रहना व्यक्ति पर निर्भर करता है।

व्याख्यान के बाद कालापनी कोमकली ने कबीर गायन प्रस्तुत किया। उपस्थित श्रोताओं ने कबीर गायन का खूब आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में राकेश सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया और मंच संचालन वरिष्ठ पत्रकार मनोज मिश्र ने किया।

दिल्ली में मोहल्ला बस का ट्रायल रन शुरू, कैसी है ये इलेक्ट्रिक बस

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की मोहल्ला बस सेवा का ट्रायल रन सोमवार को दो रूटों पर शुरू हुआ। दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने इस बारे में जानकारी दी।

पीटीआई के मुताबिक, एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत 2,080 बसें चलेंगी। इनमें से 1,040 बसों का संचालन डीटीसी करेगी। और बाकी बसों का संचालन क्डउै करेंगे।

उन्होंने कहा, ष्ट्रायल रन दो रूटों पर शुरू हो गया है - मजलिस पार्क से प्रधान एन्क्लेव और अक्षरधाम से मयूर विहार फेज एए ट्रायल एक हफ्ते तक चलेगा और सीखने और फीडबैक के आधार पर हम दो से तीन हफ्तों में इस योजना को लागू कर देंगे।

गहलोत ने कहा कि इस बस सेवा का लक्ष्य राष्ट्रीय राजधानी में अंतिम छोर तक संपर्क की समस्या का समाधान करना है।

यह योजना नौ-मीटर लंबी इलेक्ट्रिक बसों को चलाने की है ताकि आस-पास या फीडर बस सेवाएं दी जा सकें। ये बसें सीमित सड़क चौड़ाई या ज्यादा भीड़ वाले क्षेत्रों को ध्यान में रखकर चलाई जाएंगी।

परीक्षण के बाद, उत्पादन क्षमता के आधार पर, मैन्युफैक्चरिंग कंपनी को आदेश दिए जाएंगे। बसों की शुरुआती खेप मिलते ही योजना शुरू कर दी जाएगी। बसों में ब्लू और ग्रीन कलर स्कीम होगी और उन पर मोहल्ला बस लिखा होगा। 23 यात्रियों के बैठने की क्षमता वाली ये बसें पहले और आखिरी मील की कनेक्टिविटी के लिए एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में काम करेंगी। इसके अलावा, 25 प्रतिशत सीटें गुलाबी रंग की होंगी, जो महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

नई दिल्ली में राजस्थान की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

नई दिल्ली/जयपुर, 15 जुलाई। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित राजस्थान की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में नवीन तकनीक का इस्तेमाल कर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। इसके साथ ही बैठक में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा

प्रदेश के लिए प्रस्तावित नवीन परियोजनाओं के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा एवं श्री अजय टम्टा सहित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी तथा राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

दिल्ली को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने के लिए लाएं भाजपा को-बिधूड़ी

बिजवासन में कार्यकर्ता सम्मेलन में दिल्ली से की अपील

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि केंद्र में मोदी सरकार को तीसरी बार विजयश्री दिलाने के बाद अब दिल्ली में भाजपा को मौका मिलना चाहिए। राजधानी को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने का सपना केवल भाजपा ही साकार कर सकती है। बिजवासन में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिधूड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर में जिस प्रकार कल्याणकारी योजनाएं दी हैं, केजरीवाल सरकार ने उनसे दिल्ली को वंचित किया हुआ है। दिल्ली सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है और वह हर मोर्चे पर फेल साबित हो गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि इस सरकार से मुक्ति दिलाने के लिए अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा को विजयी बनाने के लिए जुट जाएं। उन्होंने दिल्लीवासियों से भी अनुरोध किया कि अब एक मौका भाजपा को भी दें ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल्ली

को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने के सपने को साकार किया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक सतप्रकाश राणा ने की। बिधूड़ी ने उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना और डीडीए के उपाध्यक्ष श्री सुभाशिष पांडा का धन्यवाद दिया कि उन्होंने दिल्ली के गांवों के विकास के लिए एक हजार करोड़ रुपए की राशि मंजूर की है। बिजवासन में 30 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य आरंभ हो चुके हैं। अन्य गांवों में भी आने वाले दिनों में विकास कार्य किए जाएंगे।

तस्करी कर लाए बच्चों से कराई जा रही बंधुआ मजदूरी, शिकायतें भेजने पर कोई कार्रवाई नहीं, दिल्ली हाई कोर्ट ने मांगा जवाब

नई दिल्ली। देश के विभिन्न हिस्सों से तस्करी कर दिल्ली लाए गए बच्चों को बचाने के लिए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी करने की अनुमति देने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने जवाब मांगा है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन व न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने दिल्ली सरकार, दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई 18 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी।

याचिकाकर्ता रोहताश ने जनहित याचिका दायर कर कहा कि दिल्ली में विभिन्न जगहों पर छानबीन के बाद 245 बच्चों और 772 किशोरों को बचाने के लिए अधिकारियों को 18 शिकायतें भेजी हैं। उनका आरोप है कि उक्त बच्चों व किशोरों को बंधुआ मजदूरी के लिए मजबूर किया जा रहा है।

यह भी कहा कि प्रतिदिन 12-13 घंटे बेहद असुरक्षित और अस्वच्छ परिस्थितियों में बंधुआ मजदूरी कराई जा रही है। याचिका में दावा किया गया है कि अधिकांश बच्चों की तस्करी की जाती है और उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है।

हालांकि, सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार के स्थायी वकील (सिविल) संतोष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि याचिकाकर्ता ने बाल मजदूरी कराए जाने के संदेह वाली संपत्तियों का कोई उचित पता नहीं दिया है। ऐसे में निश्चित पते की पहचान के बिना अधिकारियों के लिए कार्रवाई करना मुश्किल होगा।

साथ ही यह भी कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि याचिकाकर्ता सोमवार को ही एसडीएम से मिलें। उक्त तथ्यों को देखते हुए पीठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रशासन तुरंत कार्रवाई करेगा और इस मुद्दे पर अदालत के पिछले फैसलों को ध्यान में रखेगा। याचिका में कहा गया कि दो महीने में कई शिकायतें भेजने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई, जबकि कानून के अनुसार ऐसे मामलों में बचाव 24 से 48 घंटों के भीतर किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश देने की मांग की कि सभी बाल श्रमिकों या बंधुआ मजदूरों या तस्करी की शिकायतों की शिकायत प्राप्त होने के 24 से 48 घंटों के भीतर जांच की जाए।

डूसू ऑफिस में तोड़फोड़ की अब कमेटी करेगी मामले की जांम

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय ने बीती 13-14 जुलाई की रात को डूसू कार्यालय में हुई तोड़फोड़ के मामले पर एक्शन ले लिया है। डूसू ने इस मामले में एक जांच कमेटी बैठाई है। जो अब इस मामले की जांच करेगी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) पर डूसू कार्यालय पर हमले का आरोप लगाया था।

एबीवीपी ने कहा कि रविवार को डीयू के नॉर्थ कैंपस स्थित दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) के कार्यालय पर कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के डूसू उपाध्यक्ष अभि दहिया सहित लगभग 40 एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने हमला किया। हमलावरों ने डूसू अध्यक्ष तुषार डेढ़ा का कार्यालय, विजिटर रूम, सचिव अपराजिता व सह-सचिव सचिन बैसला का कार्यालय तोड़ दिया। इस दौरान डूसू अध्यक्ष के कार्यालय में रखी प्रभु श्रीराम की मूर्ति भी टूट गई।

उन्होंने डीयू प्रशासन व दिल्ली पुलिस से मांग की कि इस पूरे घटनाक्रम में शामिल आपराधिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई हो। एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि एबीवीपी इस पूरे मामले में डीयू कुलपति व दिल्ली पुलिस कमिश्नर से मिलेगी। मामले में शामिल डूसू उपाध्यक्ष अभि दहिया व अन्य लोगों को पुलिस तुरंत गिरफ्तार करे। साथ ही, विश्वविद्यालय प्रशासन डूसू उपाध्यक्ष को तुरंत उनके पद से हटाए।

Pump owners go on strike, pollution check centres shut in Delhi

NEW DELHI, JULY 15 (INS INDIA): Delhi Petrol Dealers' Association (DPDA) has called a strike starting Monday that could result in the closure of several Pollution Under Control Centres (PUCC) at pumps across the national capital.

With approximately 80 lakh registered vehicles in Delhi, the shutdown of these centres may lead to significant repercussions, including a potential increase in vehicular pollution.

Vehicles operating without a valid PUCC certificate are subject to a hefty fine of Rs 10,000.

The strike decision comes in response to Delhi govt's recent proposal to raise the rates of pollution certificates, which the DPDA deems inadequate.

The proposed hike, varying between Rs 20 and Rs 40, will come into effect once notified by Delhi govt.

Nischal Singhania, president of the Delhi Petrol Dealers Association, said the last revision took place 13 years ago. Since then, staff salaries have risen by 300% and operation costs have increased substantially. Singhania said the proposed increase was insufficient to maintain operations.

Delhi currently has around 400 PUC centres at various petrol and diesel stations throughout the city.

Govt had last week raised the charges for PUC certificates.

The new rates for two and three-wheelers running on petrol, CNG, or LPG (including bio-fuel) have been increased from Rs 60 to Rs 80. For four-wheelers and above in the same fuel category, the rates have been raised from Rs 80 to Rs 110. Diesel-powered vehicles will see rates rising from Rs 100 to Rs 140. The certificate testifies that a vehicle complies with emission standards.

The Motor Vehicle Act stipulates that vehicle owners caught without a valid PUCC can face imprisonment of up to six months, a fine of up to Rs 10,000, or both. The Central Motor Vehicles Rules require every motor vehicle, including those conforming to BS-I/II/III/IV and those running on CNG/LPG, to possess a valid PUC certificate one year after the date of registration. However, the validity period is one year for four-wheeler BS-IV-compliant vehicles and three months for others.

Dancers perform during a procession of the 'Ulta Rath Yatra' organised by ISKCON, in Kolkata.

News Brief

'Testimonies unclear': Court acquits man in rape case

New Delhi: A Delhi court has acquitted a man accused of rape, stating that the victim's testimonies were neither clear, cogent, credible, nor trustworthy. Furthermore, her allegations were not corroborated by other material evidence.

The court of additional sessions judge Priyanka Bhagat, in the judgment dated July 9, noted that the prosecution's entire case was based on the statement of the prosecutrix.

It mentioned that there were major contradictions in her version regarding the incident of her food being spiked, which affected the credibility of her statements.

The court was hearing a case against an individual named Mahender, who, in 2014, allegedly spiked the victim's food, raped her, and filmed the incident after she became unconscious in Nainital. After she returned to Delhi, the accused allegedly threatened to circulate the video clip and raped her at an under-construction building.

The case was registered against him at Subzi Mandi police station under the penal provisions of rape and criminal intimidation.

"The entire case of the prosecution is that the prosecutrix was repeatedly raped on the blackmailing that accused Mahender would make the said video viral. However, the said video was never brought into evidence by the prosecution," the court said.

Regarding the alleged incident of wrongful confinement from Nov 11 to 15, 2014, the court, noting her contradictory statements, said she had admitted that she had access to Mahender's mobile phone at this time.

Court acquits man in Delhi rape case due to lack of clear testimonies from alleged victim. Contradictions in statements led to acquittal. Get the details of the case here.

Threatened by cops & accused, rape survivor, her father end lives in Rajasthan

Tragic incident in Rajasthan as a 16-year-old rape survivor and her father die by suicide. Alleged threats from rapist's accomplices led to this extreme step. Police investigating the case and addressing lapses in the Pocso case probe.

BJP urges Delhi govt to act on veggie prices

NEW DELHI, JULY 15 (INS INDIA): Delhi BJP has urged Delhi govt to address the issue of rising vegetable prices, saying it has become a significant burden for the economically weaker sections and the lower middle class.

In a letter to the food and civil supplies minister of Delhi, Imran Hussain, Delhi BJP spokesperson Praveen Shankar Kapoor suggested that special vans should be sent to each municipal ward to ensure subsidised vegetables reach the masses.

The party has also demanded that Delhi govt start complementary distribution of onions and potatoes.

According to the letter, vegetables such as potatoes, which are used most days, are selling at Rs 40 to 50 per kg, onions at Rs 50 to 60 per kg, and tomatoes at Rs 90 to 100 per kg, making them unaffordable for many. Other vegetables like lady's fingers and brinjal are selling above Rs 100 per kg, while peas are selling at Rs 150 per kg, further exacerbating the crisis.

Delhi BJP spokesperson urged the minister to take immediate action and provide the common people with potatoes at Rs 20 per kg, onions at Rs 25 per kg, and tomatoes at Rs 40 per kg, as they were sold just 10 days ago. Additionally, BJP has requested that other vegetables be provided to the public at cheaper rates.

Inclement weather, a spike in transportation costs, and a shortage of labour have caused the prices of seasonal vegetables in the capital to shoot up by 25-50% in the first week of July compared to June.

GTB Hospital shooting: Close shave for sister too

NEW DELHI, JULY 15 (INS INDIA): Tarannum, the sister of 32-year-old Riyazuddin who lost his life in a case of alleged mistaken identity, and a female staff member narrowly escaped injury when a gunman opened fire on them at GTB Hospital.

Faheem, the deceased's younger brother, recounted: "My sister told Riyazuddin to close his eyes as he would not be able to watch the whole process.

It was at that time that a man entered the room. He did not say anything and shot my brother."

According to Faheem, the shooter fired two more rounds at his sister and the nurse, but they managed to escape unharmed. As Tarannum ran from the ward in a state of shock, she called Faheem. "I actually thought she was joking as I wondered how someone could open fire inside a hospital," he said.

Raisuddin, another brother of the victim, described the scene as chaotic, with their mother witnessing the shooter running. He claimed that the man again fired while escaping. The family expressed anger at the alleged lack of security guards near the ward, questioning how someone could enter the hospital with a gun and commit such a crime. The victim is survived by his wife and two kids. This incident was not the first of its kind at GTB Hospital. In 2021, gangster Kuldeep Maan, alias Faja, escaped from custody amid a dramatic shootout on hospital premises.

Delhi Metro to conduct survey

NEW DELHI, JULY 15 (INS INDIA): Delhi Metro will conduct its tenth customer satisfaction survey starting Monday to collect feedback from commuters on its services and various facilities at metro stations, according to an official statement.

Discover the latest updates on Pune's transportation projects as City MP Muralidhar Mohol directs enhancements in feeder buses and Metro connectivity. Find out about the proposed routes and fleet expansion plans for improved public transportation in Pune.

Learn about Union minister Nitin Gadkari's call for a state-wide survey to assess government performance ahead of the 2027 assembly elections in Goa. Find out more about the focus on addressing citizen grievances and upcoming development projects worth Rs 50,000 crore. Learn about Mangaluru City Corporation's upcoming 3D digital twin drone survey to enhance city data collection and administration efficiency.

Delhi: Inventory of sources at bad air hotspots to determine what more must be done

NEW DELHI, JULY 15 (INS INDIA): Delhi govt's environment department, which identified major and minor sources of pollution in the city last year, will prepare an inventory on how many of these sources still exist in 13 locations determined to be pollution hotspots. This new inventory will be completed by Sept.

The department, however, said that of the 4,500 minor sources identified at the 13 hotspots, 3,000 had been resolved.

Delhi's pollution hotspots are Anand Vihar, Okhla, Mundka, Dwarka, Pooth Khurd Bawana, RK Puram, Rohini, Narela, Jahangirpuri, Vivek Vihar, Wazirpur, Ashok Vihar and Punjabi Bagh. These were considered hotspots based on the annual average PM10 exceeding 300 micrograms per cubic metre and PM2.5 being over 100 micrograms per cubic metre. A departmental official said, "Last year, our teams mapped 65 major and around 4,500 minor sources of pollution at these hotspots. We have constituted a team to revisit these hotspots and prepare a new inventory of major pollution sources and how many of the old sources continue to exist. The exercise will be completed within the monsoon season." The official added, "The minor sources were added to the Green Delhi app and of these, around 3,000 sources have been resolved. Official agencies have been asked to act on the remaining sources." As an example, the pollution sources identified at Anand Vihar were people walking across the road through a broken divider slowing down traffic and causing traffic jams, stoppage of buses at the exit roads, heavy dust deposits on the sides of the road, large construction sites, unpaved and paved areas with heavy dust load.

Aligarh Muslim University Alumni advocate for New Academic Centres on Hindu, Buddhist, and Jain Studies

Prof Jasim Mohammad

ALIGARH/NEW DELHI, JULY 15 (INS INDIA): Professor Jasim Mohammad, a donor member, former Media Advisor of AMU and alumnus of Aligarh Muslim University (AMU), has submitted a request to the Vice-Chancellor, Professor Naima Khatoon, and Members of Executive Council of AMU advocating for the establishment of new academic centres dedicated to Hindu Studies, Buddhist Studies, and Jain Studies at the university.

In his letter to Vice-Chancellor of AMU, Professor Jasim Mohammad emphasized the importance of these centres in contributing to the academic environment of AMU and aligning with the objectives of the National Education Policy (NEP) 2020. He remarked, "Introducing these centres would develop religious harmony and respect among communities."

Professor Jasim Mohammad stated, "Our country is home to many diverse traditions and philosophies, each contributing to the nation's heritage. Adding centres for Hindu, Buddhist, and Jain Studies will enhance the university's role in promoting knowledge and understanding of these important traditions."

Jasim Mohammad also emphasized on the significance of religious harmony for a peaceful and progressive society. "When we learn about different religious traditions, we build bridges of understanding and mutual respect. These new centres will play a significant role in promoting such harmony by educating students about the values and teachings of Hinduism, Buddhism, and Jainism," he said.

Moreover, he emphasized the academic and cultural benefits of studying these religions. "Hinduism, Buddhism, and Jainism have contributed immensely to Indian culture and thought. By studying these religions, students can gain insights into the philosophies, literature, art, and history that have shaped India over centuries," he added.

Professor Mohammad believes that establishing these centres will position AMU as a leader in promoting comprehensive education, attracting students from various backgrounds, and will develop a more diverse and vibrant academic community. "Creating these centres will also position AMU as a leader in promoting comprehensive education," he asserted.

India's biggest integrated Housewares & Home Appliances Trade Fair, VIBRANT INDIA 2024 will be organized from July 19th to July 21st 2024 at Yashobhumi, Dwarka in Delhi

More than 500+ participants from India and abroad are supposed to participate in this expo.

NEW DELHI, JULY 15 (INS INDIA): India's biggest integrated Housewares & Home Appliances Trade Fair, "VIBRANT INDIA EVENT SOLUTION" commonly known as "VIBRANT INDIA " is hosting the 10th Edition of one of India's biggest integrated "HOUSEWARES & HOME APPLIANCES TRADE FAIR- 2024" it is an international exhibition and conference on Houseware, Kitchenware, Tableware, Hotelware, Glassware, Plasticware, Thermoware, Utensils, Kitchen Appliances, Crockery, Home Appliances & Stainless Steel Industry. The exhibition is scheduled to be held at Yashobhoomi , Dwarka in New Delhi from July19 to 21 2024, the three-day exhibition, is to be held concurrently along with celebrations of houseware & home appliances of Indian industry is expected to attract the participation of about 500 + domestic and international exhibitors. Infomed Narendra Diwaker , MD, Vibrant India and organizer of Vibrant India expo. Apart from Narendra Diwakar, Bhavesh Jain, Managing Director of Maxfresh, Pawan Kansal, Managing Director of Jagdamba Cutlery, Arif from United metalik pvt. Ltd (Mr. Cook) and Jiteadra Aggarwal from Stainless Bazar also addressed the press conference.

One of the renowned brands in the kitchenware industry Mr. Cook will be participating as the main sponsor for this 3-day International Exhibition. The United Metalik Group MD, and the Owner of Mr. Cook Navaid Nowshah announce that after an over whelming response from their dealers for their range of pressure cookers & cookware, Mr. Cook is now launching a complete range of small home appliances. They are also launching large-sized pressure cookers up to 60 liters for HORECA. The Main Sponsor Mr. Cook is delighted to support all the participants at India's biggest integrated Housewares & Home Appliances Trade Fair, VIBRANT INDIA 2024.

THESE-DAYS
Laeqa Asif, Editor, Tel: 011-41808135, Email id thesedaysindia@gmail.com, indinondelhi@gmail.com , website :- http://indinon.co www.thesedaysindia.net, Owned, Printed & Published by S.M.Asif : at L.K Offset Printing Press, 1478 and 1480 Gali Hakeem Ajmal Khan Quasimjan Street, Ballimaran, Delhi-6 Vir Ajun Printing Press , Pratap Bhawan , 5.B.S Z Marg New Delhi M: 9958777786 Registered Office: Lubna House, 1-91, Batla House, Jamia Nagar, Okhla, New Delhi-110025. R. N. I. No. 57278/94

Delhi: 'FIR delay no ground', man convicted of sex assault on 4-year-old

NEW DELHI, JULY 15 (INS INDIA): A Delhi court recently convicted a man of aggravated sexual assault on a four-year-old girl in 2022, observing that "sexual abuse of children remains shrouded in shame, guilt and family honour and, hence, is seldom reported".

Rejecting the arguments of the defence counsel about the delay in the registration of the FIR, the court of additional sessions judge Susheel Bala Dagar said on July 9, "More than that when the abuser is a known person, it is very difficult to report the matter.

The normalisation of abuse in society has become so endemic that it is only when the abuse is perceived to be gruesome and serious, involving penetration or bad touch, that both children and families pay attention and speak up or report." The FIR was filed 10 days after the assault.

The court was hearing a case against the man charged for rape and under Section 6 (aggravated penetrative sexual assault) of Protection of Children from Sexual Offences (Pocso) Act.

The survivor alleged that the accused, who was a tenant in their house, had touched her private parts in June 2022. The court said merely touching the private parts of a child with sexual intent would be an offence under Section 10 (punishment for aggravated sexual assault) of Pocso Act along with Indian Penal Code offences for outraging the modesty of the survivor by physical contact and advances involving unwelcome and explicit sexual overtures and forcing her to be naked.

The court said that in such a scenario it would have been difficult for the girl's mother to report the incident immediately against the accused, who was also a distant relative. "The mother must have been under shock. The prosecution's case cannot be discarded or disbelieved merely on the grounds of delay in FIR and the delay in the filing of FIR cannot be used as a ritualistic formula to doubt the authenticity of the prosecution evidence," said the court.

Merely because the mother denied an internal medical examination of her three-year-and-11-month-old child does not mean that the incident did not occur, the court said, adding that "the testimony of the victim child is found to be both creditworthy and admissible without any embellishment improvement or tutoring".



Police use water cannons to disperse National Students' Union of India (NSUI) activists during their demonstration against the alleged irregularities in NEET-UG exam 2024 and nursing college scam, in Bhopal.

संक्षिप्त समाचार

पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की नवागंतुक अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह का महिला कल्याण संगठन की ओर से किया गया स्वागत

हाजीपुर- पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की नवागंतुक अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह के प्रथम बार पटना आगमन पर महिला कल्याण संगठन की ओर से उनका स्वागत किया गया। श्रीमती सुनीता सिंह ने अपना विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में स्नातक एवं एमए की डिग्री पूरी की है तथा एमए में गोल्डमेडलिस्ट है। आप चक्रधरपुर मंडल में महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा तथा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर में महिला कल्याण संगठन की महासचिव रह चुकी हैं। आपके कार्यकाल में महिला कल्याण संगठन द्वारा विभिन्न सामाजिक उत्थान गतिविधियों जैसे स्कूलों की बेहतरी और महिला प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना एवं सुधार इत्यादि जैसे कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन किया गया। आप नृत्य, संगीत, कला, पुस्तकों जैसे रचनात्मक अभिव्यक्ति के विभिन्न रूपों को प्रोत्साहित करती हैं। बागवानी और फूलों की बेहद शौकीन हैं। साथ ही यात्रा करना तथा नई संस्कृतियों के बारे में उनके स्मारकों, कलाओं और भोजन के माध्यम से सीखने में विशेष रुचि रखती हैं। विदित हो कि पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन जनहित कार्यों में हमेशा रचनात्मक सहयोग देता है। यह संगठन न सिर्फ रेल कर्मचारियों के परिवार के लिए, बल्कि समाज के अन्य वर्गों के हितार्थ कल्याणकारी योजनाओं का संचालन करती है। संगठन द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मौलिक बिन्दुओं पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है। श्रीमती सुनीता सिंह की नेतृत्व में पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन भविष्य में सामाजिक सरोकार एवं जनहित कार्यों में और बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रहेगी।

पांच मवेशियों से भरे पिकअप को पुलिस ने किया जप्त चार पशु तस्कर गिरफ्तार

मीडिया दर्शन मोहनिया कैमूर। रविवार की देर शाम थाना क्षेत्र के पटना मोड़ के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के तहत कार्रवाई करते हुए मवेशियों से भरे एक पिकअप को जप्त किया है। जिस पर पांच मवेशियों को बेतरतीब ढंग से क्रूरता पूर्वक बांधा गया था। इस दौरान पुलिस ने चार पशु तस्करों को भी गिरफ्तार किया है वहीं एक पशु तस्कर मौके की नजाकत को भांपते हुए मौके से भाग निकला। [illegible]

बैंकिंग की तैयारी करने वाले अभ्यर्थी ने सुसाइड किया, किराए के मकान में रहता था

पटना। पटना के कदमकुआं थाने के [illegible] इलाके में एक युवक नीतीश कुमार ने सुसाइड कर लिया। वह बैंकिंग की तैयारी करता था। मकान मालिक ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। [illegible] घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

बिहार में 3 दिन तक बंद रहेंगे ग्रामीण बैंक, 17 सूत्री मांगों को लेकर 4000 कर्मी जाएंगे हड़ताल पर

पटना। बिहार में अगले 3 दिनों तक ग्रामीण बैंक बंद रहेंगे। इस दौरान बैंकिंग के सारे काम प्रभावित रहेंगे। 17 सूत्री मांगों को लेकर ज्वाइंट फोरम ऑफ दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक यूनियन की ओर से हड़ताल की घोषणा की गई है। [illegible] 13 जुलाई को महीने का दूसरा शनिवार और 14 जुलाई रविवार को साप्ताहिक अवकाश के चलते बैंक बंद था। अब 15 और 16 जुलाई को हड़ताल है। फिर 17 जुलाई को मोहर्रम के कारण बैंक को बंद रखा जाएगा। [illegible] इस दौरान बैंक की सभी 1078 शाखा, 12 क्षेत्रीय कार्यालय और प्रधान कार्यालय पटना पर तालाबंदी रहेगा। बैंक प्रबंधन में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ 4000 बैंक कर्मियों का यह हड़ताल रहेगा।

इंटर स्तरीय और सिविल कोर्ट परीक्षा जल्द कराने की मांग

छोटी, पटना।

- अभ्यर्थियों ने गांधी मैदान में की बैठक, छात्र नेता ने कहा- 24 को एक्स और 1 अगस्त को सड़कों पर आंदोलन

बिहार कर्मचारी चयन आयोग (BSSC) द्वारा द्वितीय इंटर स्तरीय और सिविल कोर्ट परीक्षा की तिथि जारी करने की मांग को लेकर सोमवार को अभ्यर्थी बैठक में शामिल हुए। इसके बाद तमाम अभ्यर्थी और छात्र नेता की ओर से यह निर्णय लिया गया कि वे लोग 24 जुलाई को एक्स पर परीक्षा को लेकर विरोध दर्ज करेंगे। अगर इसके बाद भी परीक्षा की तिथि जारी नहीं की गई तो 1 अगस्त को सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

8 महीने पहले निकली थी BSSC इंटर लेवल के 12199 पदों के लिए वैकेंसी। बिहार स्टाफ सेलेक्शन कमीशन की तरफ से 12वीं पास बीएसएससी इंटर लेवल के 12199 पदों के लिए वैकेंसी निकली थी। आवेदन करने की प्रकिया 11 दिसंबर को ही समाप्त हो चुकी है। लेकिन अभी तक परीक्षा तिथि की घोषणा नहीं की गई है। इसके लिए 25 लाख से ज्यादा उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। अभ्यर्थी जल्द से जल्द परीक्षा तिथि जारी करने की मांग कर रहे हैं। छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा कि अगर तिथि जल्द जारी नहीं होती है तो हम लोग इसको लेकर जल्द एक बड़ा आंदोलन करने जा रहे हैं।

21 महीने पहले निकली थी सिविल कोर्ट की वैकेंसी बिहार के सिविल कोर्ट की तरफ से 21 महीने पहले सितंबर 2022 में 7692 पदों पर वैकेंसी निकली थी। जिसमें क्लर्क के लिए 3325 पद, स्टेनोग्राफर के लिए 1562, कोर्ट रीडर के लिए 1132 और प्यून के लिए 1673 पद। कुल मिलाकर 7692 पदों पर वैकेंसी निकली थी। सिविल कोर्ट द्वारा कोर्ट रीडर और स्टेनोग्राफर पदों के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया है। लेकिन अब तक क्लर्क और प्यून के पदों की परीक्षा नहीं ली गई है।

26 जिलों में बारिश का अलर्ट, पटना में बढ़ रहा गंगा का जलस्तर

एजेंसी, पटना।

मुजफ्फरपुर के कई इलाकों में बाढ़, 50 हजार की आबादी प्रभावित

बिहार में मानसून एक्टिव है और झमाझम बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज प्रदेश के 26 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। बारिश के दौरान पटना समेत उत्तर और दक्षिण बिहार के कई हिस्सों में आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। वहीं, मुजफ्फरपुर के कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति बन गई है। कटरा प्रखंड में बागमती और लखनदेई नदी ने भयानक का विकराल रूप धारण कर लिया। बाढ़ के पानी से बकुची, पतारी, अंदामा, बसघट्टा, नवादा, गंगिया गांव के करीब 50 हजार से ऊपर की आबादी घिर गई है। इधर मुंगेर में बारिश के बाद दियारा क्षेत्र के निचले इलाके में गंगा का पानी भर गया है। गंगा के पानी में इलाके के बच्चे पेड़ से कूद कर कूद रहे हैं, स्टंट कर रहे हैं। जबकि प्रशासन की ओर से लगातार लोगों को सावधान रहने को कहा जा रहा है। इधर, मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले दो से तीन दिनों तक राज्य में मानसून सामान्य रहेगा। लेकिन, 15 से 18 जुलाई तक कहीं भी भारी बारिश की संभावना नहीं है। इस स्थिति में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। इससे लोग उमस भी ज्यादा महसूस करेंगे। नेपाल में लगातार हो रही बारिश के कारण उत्तर बिहार की नदियां उफान पर हैं। घाघरा, गंडक, बागमती, कमला बलान, कोसी, महानंदा और परमान नदी खतरे के निशान से ऊपर है। पूर्णिया के संथाल टोली परहिया में बाढ़ का पानी घुस गया है।

TRE 3 में BPSC का नया प्रयोग
एक ही जिले में परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्र के अलग-अलग सेट रहेंगे

छोटी, पटना।

बिहार लोक सेवा आयोग ने तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक और वायरल होने से बचने के लिए एक नया प्रयोग करने जा रहा है। इस बार की परीक्षा में कई तरह के बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इस बार प्रश्न पत्र के कई सेट तैयार किया जा रहे हैं। एक ही जिले में अलग-अलग केंद्र पर प्रश्न पत्र के अलग-अलग सेट रहेंगे। प्रश्न पत्र सेट करने में भी काफी सावधानी बरती गई है। जहां से प्रश्न पत्रों की छपाई होती थी उसे भी इस बार बीपीएससी ने बदल दिया है। पुराने सभी परीक्षा केंद्रों को बदलने की भी संभावना है। तीसरे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा 19 से 22 जुलाई तक 27 जिलों के कुल 404 केंद्रों पर आयोजित होगी। 19, 20 और 21 जुलाई को एक ही शिफ्ट में परीक्षा होगी। पहली शिफ्ट की परीक्षा दोपहर 12:00 से लेकर 2:30 बजे तक होगी। वहीं, 22 जुलाई को दो शिफ्ट में एग्जाम लिया जाएगा। इसके लिए पहले शिफ्ट की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक और दूसरे शिफ्ट की परीक्षा दोपहर 2:30 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा में इस बार 5,81,305 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। यह वैकेंसी 87 हजार 774 पदों के लिए निकली है।

छपरा जिला के सभी बाजार होंगे अतिक्रमण मुक्त : रूडी

- राजीव प्रताप रूडी के साथ जिला के अधिकारियों की बैठक
- यातायात व्यवस्थापन से सुचारू होगा यातायात संचालन
- शहर की जल निकासी पर भी बैठक में चर्चा
- बुडको द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की हुई समीक्षा
- विधि व्यवस्था को लेकर जिला के सभी थानाध्यक्ष, पुलिस उपाधीक्षक व अन्य प्रशासनिक अधिकारी बैठक में शामिल
- जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और सभी अनुमंडलाधिकारी भी बैठक में थे उपस्थित

छपरा। [illegible]

भारत का सबसे बड़ा एकीकृत हाउसवेज़ और होम एप्लायंसेज़ व्यापार मेला

- "वाइब्रेंट इंडिया 2024" का 19 जुलाई से 21 जुलाई 2024 तक यशोभूमि, द्वारका, दिल्ली में होगा आयोजन
- वाइब्रेंट इंडिया 2024 एक्सपो में भारत और विदेशों के 500+ प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना

नई दिल्ली। भारत का सबसे बड़ा एकीकृत हाउसवेयर और होम एप्लायंसेज व्यापार मेला : "वाइब्रेंट इंडिया" के 10वें संस्करण का आयोजन दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि में 19 जुलाई से 21 जुलाई तक होगा। "वाइब्रेंट इंडिया इवेंट सॉल्यूशन" द्वारा आयोजित यह एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन है जिसमें हाउसवेयर, किचनवेयर, टेबलवेयर, होटलवेयर, ग्लासवेयर, प्लास्टिकवेयर, फर्नीचर, बर्तन, रसोई के उपकरण, क्रॉकरी, घरेलू उपकरण और स्टेनलेस स्टील उद्योग शामिल हैं। तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी में लगभग 500+ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शकों की भागीदारी की उम्मीद है। [illegible] 30000 आगंतुकों को समायोजित [illegible] वाइब्रेंट इंडिया फेयर 2024 का हिस्सा होंगे।

लैंड फॉर जॉब केस, कोर्ट ने दो सप्ताह का समय दिया

छोटी, पटना।

लैंड फॉर जॉब मामले में 15 जुलाई को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव और अन्य सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ मंजूरी के सवाल पर दो हफ्ते के भीतर फैसला करने के लिए सक्षम अधिकारी को कहा है। सीबीआई की ओर से दायर नियमित आरोप पत्र कॉग्निजेंस के स्टेज में है। [illegible] ED और CBI दोनों जांच एजेंसियों का शिकंजा लालू परिवार पर कसता जा रहा है। ED ने 29 जनवरी को लालू प्रसाद यादव से 10 घंटे तक पूछताछ की, तो 30 जनवरी को पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से लगभग 8 घंटे तक सवाल-जवाब किए थे।

सदाकत आश्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्षों की बैठक का आयोजन, लोकसभा चुनाव की हुई समीक्षा

छोटी, पटना।

विधानसभा चुनाव में पार्टी को मजबूत बनाने पर चर्चा

पटना में कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की बैठक बुलायी गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने की। [illegible] बैठक में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन झा, विधायक अजय कुमार सिंह सहित कई नेता शामिल हुए। [illegible]

VIBRANT INDIA 2025

Electronic Coverage

YouTube

https://www.youtube.com/watch?v=CRf_RK7PWCI

YouTube

India's biggest integrated Housewares & Home Appliances Trade Fair, VIBRANT INDIA 2024 will be organized from July 19th to July 21st 2024 at Yashobhumi, Dwarka in Delhi.

Shruti Suman - India - July 15, 2024 - 0 Comments

https://newsisland.in/indias-biggest-integrated-housewares-home-appliances-trade-fair-vibrant-india-2024-will-be-organized-from-july-19th-to-july-21st-2024-at-yashobhumi-dwarka-in-delhi/

https://www.youtube.com/watch?v=fWFplouJ1ew

https://www.youtube.com/watch?v=_jFzr7ogiBk

YouTube

https://www.youtube.com/watch?v=EmoyzgafdFE

https://www.youtube.com/watch?v=ZyIGgHCWiNQ

VIBRANT INDIA 2025

Online Coverage (Press Conference)

THE NEWS EXPRESS
LIVE STREAMING
The News Express
सबसे पहले , सबसे तेज , द न्यूज़ एक्सप्रेस

दिल्ली

वाइब्रेंट इंडिया 2024"का 19 जुलाई से 21 जुलाई 2024 तक यशोभूमि, द्वारका,दिल्ली में पढ़िए कैसे होगा आयोजन

July 15, 2024 / Brijesh Kumar

वाइब्रेंट इंडिया 2024 एक्सपो में भारत और विदेशों के 500+ प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना

नई दिल्ली,भारत का सबसे बड़ा एकीकृत हाउसवेएर और होम एप्लायंसेज़ व्यापार मेला : **"वाइब्रेंट इंडिया"** के 10वे संस्करण का आयोजन दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि में 19 जुलाई से 21 जुलाई तक होगा । "वाइब्रेंट इंडिया इवेंट सॉल्यूशन" द्वारा आयोजित यह एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन है जिसमें हाउसवेयर, किचनवेयर, टेबलवेयर, होटलवेयर, ग्लासवेयर, प्लास्टिकवेयर, थर्मोवेयर, बर्तन, रसोई के उपकरण, क्रॉकरी, घरेलू उपकरण और स्टेनलेस स्टील उद्योग शामिल हैं। तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी में लगभग 500+ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शकों की भागीदारी की उम्मीद है। यह जानकारी नरेंद्र दिवाकर, एमडी, वाइब्रेंट इंडिया और वाइब्रेंट इंडिया एक्सपो के आयोजक ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। नरेंद्र दिवाकर के अलावा, मैक्सफ्रेश के प्रबंध निदेशक भावेश जैन, जगदंबा कटलरी के प्रबंध निदेशक पवन कंसल, यूनाइटेड मेटालिक प्राइवेट लिमिटेड (मिस्टर कुक) के अरिफ और स्टेनलेस बाजार के जितेंद्र अग्रवाल ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

https://thenewsexpres.in/%E0%A4%B5%E0%A4%BE%E0%A4%87%E0%A4%AC%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A5%87%E0%A4%82%E0%A4%9F-%E0%A4%87%E0%A4%82%E0%A4%A1%E0%A4%BF%E0%A4%AF%E0%A4%BE-2024%E0%A4%95%E0%A4%BE-19-%E0%A4%9C%E0%A5%81%E0%A4%B2/https:/shrinke.me/getnewsfreefor

Previous Issues:

Show By Date

https://epaper.dainiksaveratimes.in/edition/Delhi-Main/9651

न्यूज़ हाट

Look at Rihanna's new Extravagant Home
Ad: Mansion Global

HOME POLITICAL NEWS BIHAR LOCAL NEWS MAGAZINE HEALTH NEWS JHARKHAND TECHNOLOGY NEWS BOLLYWOOD

BREAKING NEWS गांधी अविलम्ब अपने पद से इस्तीफा दें और देश के एस.सी. समाज से माफी मांगे : असीम अरुण | हारी हताश आम आदमी पार्टी का रटा रटाया राजनीतिक आलाप है "आप्रेशन त

AMITY UNIVERSITY

Amity University Patna, Bailey Rd, Rupaspur, Patna, Bihar - 801503
Helpline: 73-600-30060/1/2/3/4/5 73-600-30066

Amity University Ranchi - New Campus, HEC Core Capita Area, Murma, Naya Sarai, Block Negri, Ranchi - 834001, Helpline: 1800 103 6080

'वाइब्रेंट इंडिया 2024' एक्सपो में भारत और विदेशों के 500 प्रतिभागी लेंगे हिस्सा

By Associate Editor Jharkhand Kumar Kaushalendra Kaushal Updated: Jul 15, 2024, 14:10 IST

Looking for an Health Insurance?
Sponsored by Star Health Insurance

भारत का सबसे बड़ा एकीकृत हाउसवेज़ और होम एप्लायंसेज़ व्यापार मेला 'वाइब्रेंट इंडिया के 10वे संस्करण का आयोजन दिल्ली के द्वारका स्थित यशोभूमि में 19 जुलाई से 21 जुलाई तक होगा। 'वाइब्रेंट इंडिया इवेंट सॉल्यूशन द्वारा आयोजित यह एक अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन है जिसमें हाउसवेयर, किचनवेयर, टेबलवेयर, होटलवेयर, ग्लासवेयर, प्लास्टिकवेयर, बर्तन, रसोई के उपकरण, क्रॉकरी, घरेलू उपकरण और स्टेनलेस स्टील उद्योग शामिल हैं। तीन दिवसीय इस प्रदर्शनी में लगभग 500+ घरेलू और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शकों की भागीदारी की उम्मीद है। यह जानकारी नरेंद्र दिवाकर, एमडी, वाइब्रेंट इंडिया और वाइब्रेंट इंडिया एक्सपो के आयोजक ने संवाददाता सम्मेलन में दी। नरेंद्र दिवाकर के अलावा, मैक्सफ्रेश के प्रबंध निदेशक भावेश जैन, जगदंबा कटलरी के प्रबंध निदेशक पवन कंसल, यूनाइटेड मेटालिक प्राइवेट लिमिटेड (मिस्टर कुक) के अरिफ और स्टेनलेस बाजार के जितेंद्र अग्रवाल ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

https://newshaat.com/national-news/500-participants-from-india-andabroad-to-participate-in/cid14943294.htm#google_vignette